[श्रीमती सुशीला रोहतगी]

किसानों को और दूसरे लोगों को जो सहायता मिल रही है, उस चीज को नियमित करने के लिए, उसको बढ़ाने के लिए यह लाया गया है। यह कोई नई चीज नहीं है बल्कि जो चीज पहिले से थी उसको बढ़ा रहे हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The question is:

"That the bill be passed".

The motion was adopted.

THE APPROPRIATION (NO. 3) BILL, 1973.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI): Sir, with your permission, I move:—

> "That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1973-74, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, this Bill arises out of the Supplementary Demands for Grants of Rs. 123.04 crores voted by the Lok Sabha on 13th August, 1973 and expenditure of Rs. 10.01 crores 'charged' on the Consolidated Fund of India as detailed in the Supplementary Demands Statement laid before the House on 10th August, 1973. As full explanations have already been given in that Statement, I would confine myself to a few introductory remarks on some of the important items for which provisions have been sought.

This is the first batch of the Supplementary Demands for Grants during the current financial year and the amounts included therein represent the unavoidable minimum additional requirements which have arisen after the presentation of the Budget Of the additional requirements of Rs. 135.05 crores, Rs. 41.29 crores are on Revenue Account, Rs. 3.26 crores on Capital Account and Rs. 88.50 crores for disbursement of loans and advances.

Of the total amount of Rs. 135.05 crores, Rs. 50 crores are for increased assistance to States—Rs. 40 crores as grants-in-aid and Rs. 10 crores as loans—for providing relief and employment opportunities to the people affected by natural calamities.

The balance of the increase under Revenue is mainly on account of increased expenditure on the Third Asian International Trade Fair, 1972/National Industries Fair— Rs. 1.28 crores.

The increase of Rs. 3.26 crores on the Capital side is for making payment in the form of non-negotiable, non-interest bearing rupee securities to the International Bank for Reconstruction and Development for maintenance of value of India's 9% subscription funds. The payment has been necessitated by the revaluation of World Bank's holding of Indian currency with the central rate of Rs. 18.9677 equal to 1 pound sterling established following the Smithoonian Agreement relating to the currency realignment in December, 1971.

The balance of the additional requirements under Loan and Advances is for loan assistance to the Government of Bangla Desh for purchase of two ships from the Shipping Corporation of India (Rs. 4.50 crores) and for providing technical credits to the Governments of various countries, e.g. the U.S.S.R., certain East European countries, the Democratic Republic of Korea, the Sudan and Bangla Desh under the Trade Agreements entered into with those Governments (Rs. 74 crores).

A token provision of Rs. 1,000 has been sought for meeting expenditure of the Committee for standardisation of scales of pay, allowances and perquisites of the officers of the nationalised banks.

Two Appropriations on Revenue Account are for recurring advances obtained from the Contingency Fund of India to meet expenditure on a court decree and on award against the Government.

The additional requirements of Rs. 135.05 crores are likely to be set off to the extent of Rs. 45.76 crores by additional receipts, recoveries, etc. relating to those Supplementary Demands and the net

cash outgo would, thus, amount to Rs. 89.29 crores only.

Sir, I move.

The question was proposed.

4 P.M.

श्री टी० एन० सिंह (उत्तर प्रदेश) श्रीमन्, उपसभापति महोदय, मेरा इरादा बोलने का तो नहीं था, लेकिन जिस तरह से हमारी आर्थिक व्यवस्था का इन्तजाम हो रहा है, इधर कुछ वर्षों से और जो उसमें ढिलाई आ रही है, इस वास्ते मैंने अपना फर्ज समझा की इस वक्त कम से कम गवर्नमेंट को और जनता को आगाह कर दूं कि यदि यह रवैया चलता रहा तो हमारी फाइनेन्सेज चौपट हो जायगी। 133 करोड से ऊपर की सप्लीमेंटरी ग्रान्ट्स 72-73 के बजट के विषय में मांगी जा रही है। उसमें खास तौर से बताया गया है एशिया ट्रेड फेयर का। एशिया फेयर '72 में हुआ था और जब बजट उसके संबंध में पेश किया गया था तो वह 3 करोड़ से कुछ अधिक था।

[THE VICE CHAIRMAN (SRI YOGENDRA SHARMA) in the Chair]

दिसम्बर में फेयर हुआ था। मार्च के महीने में दो बार सप्लीमेंटरी ग्रान्ट्स ली गई इसी के लिए। अब फिर जितनी ओरिजिनल ग्रान्ट थी उससे कहीं अधिक करीब 5 करोड़ से अधिक रुपया मागा जा रहा है। यह आर्थिक प्रबंध का सिलसिला अच्छा नहीं है। एशिया फेयर के लिए एक तो इतना अधिक खर्च होना ही नहीं चाहिए था। एशिया फेयर से लाभ उठाया किसने? जो उच्च वर्ग है उनको फायदा हुआ। निम्न वर्ग को कोई विशेष फायदा नहीं हुआ। दिल्ली के टेक्सी वालों ने पैसा बना लिया हो या बड़े लोगों ने यहां से फायदा उठा लिया हो, बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट्स को फायदा हुआ हो। इस व्हाइट एलिफेन्ट को पालने के लिए आज 8 करोड से अधिक रुपया जो खर्च किया जा रहा है, यह मेरी समझ में ठीक नहीं है। दुःख की बात यह है कि जितनी ओरिजिनल ग्रान्ट् थी उससे अधिक रुपया मागा जा रहा है, जब दो मर्तबा सप्लीमेंटरी ग्रान्ट्स इसी के लिए ली जा चुकी है। मेरा फाइनेन्स कमेटी से बहुत पुराना संबंध रहा है। मैं फाइनेंशियल प्रोप्राइटी और करेक्ट प्रोसीजर्स का बड़ा हामी हू। लोग मुझे इसके कारण कन्जरवेटिव भी कह सकते हैं और मैं उस इल्जाम को मानने के लिए भी तैयार हू। लेकिन आज जो मोनीटरी स्थिति है और इनफ्लेशनरी पोजीशन है, उसको देखते हुए अगर कोई चीज सबसे जरूरी है तो वह यह है कि हम अपने देश की आर्थिक व्यवस्था को सुचार रूप से, नियमित ढंग से चलाएं। यदि वह ऐसे चलाया जाय जैसे कि चलाया जा रहा है कि बजट प्रिपेयर किया जाता है, बनाया जाता है, लेकिन अंदाजा नहीं कि खर्चा कितना होगा। साल भर खर्च होता है और साल का आखिर आ जाता है, मार्च महीने में जो साल खत्म होता है उस वक्त भी अंदाजा नहीं है कि जितनी ओरिजिनल डिमांड थी उस से करीब दुगनी डिमाड हम को लेनी है। तीन करोड की जगह साढ़े पाच करोड़ लेना है। यह ठीक नहीं है। हमारा मुल्क आज एक बड़े फाइनेंशियल क्राइसिस से गुजर रहा है। मै समझाता हूं कि यदि किसी विभाग का कोई कर्तव्य है और उसको अगर हमारा देश को बचाना है, उसके लिए उसे कोई काट्रीब्युशन करना है तो सब से अधिक काट्रीब्युशन इस दिशा में हमारी फाइनेंस मिनिस्ट्री ही कर सकती है। इंफ्लेशन को रोकना, बजट पर बजटरी कंट्रोल होना बहुत जरूरी है, नहीं तो

[श्री टी०एन० सिंह]

रनअवे इंफ्लेशन और भी रनअवे हो जायेगा तो इस वक्त मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि यह एक उदाहरण है आप की ढीली अर्थव्यवस्था का। और इसमें कोई दूसरी इतनी बड़ी बात नहीं है कि जिसको मैं आज कहूं, लेकिन यह उदाहरण बतलाता है कि किस ढंग से हवा हमारे आर्थिक विभागों में बह रही है। मैं आये दिन सुनता हूं कि हर तरफ हिलाई बर्ती जा रही है, बजट में रुपया दे दिया जाता है और उसका डिटेल्ड इस्टीमेट पहले से तैयार नहीं होता। नतीजा क्या होता है कि जितना इस्टीमेट है उससे ज्यादा खर्च होता है और जो खर्च होना चाहिए उतने समय में वह खर्च नहीं हो पाता है। तो यह बुराई 1949–50 से मैं बजट में देख रहा हूं। मेरा स्वतः का, निजी अनुभव है। मैं पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी में बरसों रह चुका हूं और मैंने हर साल के बजट को डिटेल में इन्वेस्टिगेट किया है और अधिकार के साथ मैं कह सकता हूं कि यह तरीका अगर खत्म नहीं होगा तो हमारे देश का फाइनेंस बर्बाद हो जायगा और यह नहीं किया जा रहा है पता नहीं मैं कितने कठोर शब्द इसके लिए इस्तेमाल करूं लेकिन मैं समझता हूं कि जरूरी है कि कोई आदमी इस सभा में, इस सदन में उठ कर कहे कि यह चीज अब बर्दाश्त नहीं की जायगी। इस वास्ते यह जरूरी है कि जो फाइनेंशियल प्रोप्राइटीज है, उन पर जोर दिया जाय। एक छोटा सा एशिया फेयर हुआ कोई इस्टीमेट नहीं रहा होगा। साढे तीन करोड का बाद इस्टीमेट हुआ और साढे आठ करोड़ खर्च हो जाय और मार्च के आखिर तक आते-आते आपको पता न रहे कि जब आप सप्लीमेंटरी ग्रांट मांगें और अब साढे पांच करोड़ की सप्लीमेंटरी ग्रांट मांग रहे हैं यह कहां तक उचित है। और मेरी समझ में नहीं आता कि इन लोकतांत्रिक संस्थाओं में, राज्य सभा में या लोक सभा में कैसे यह चीज चल जाती है। इसकी तो जितनी निन्दा की जाय कम है और यह जरूरी है। मैंने यह भी देखा है कि एप्रोप्रिएशन से भी एक्सेस एक्सपेंडिचर हो जाते हैं और वह रेगुलराइज किये जाते हैं पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी के जरिये, तो मैं चाहता हूं कि यह सब बातें हमारे यहां न आयें। हमें और बहुत सी कठिनाइयों का अभी सामना करना है और अगर हमने अपनी आर्थिक व्यवस्था में सुधार नहीं किये तो हमारे सारे देश का आर्थिक ढांचा खतरे में है। इस वास्ते मैंने सिर्फ उदाहरण के रूप में यह बात कही। मेरा बोलने का कोई इरादा नहीं था और मैं बहुत दिनों से अपने देश की अर्थव्यवस्था पर नहीं बोला हूं। आज मौका मिला तो मैंने सोचा कि मैं कुछ कह दूं। लोग मुझे कहेंगे कि मैं कंजरवेटिव हूं। दकियानूसी बात कर रहा हूं, लेकिन आज कल के इंफ्लेशनरी जमाने में बजटरी कंट्रोल बहुत ही जरूरी है। आप बड़े जोरों से डेफिसिट फाइनेंसिंग कर रहे हैं और मुझे याद है कि 1950 में पहले पहल जब फर्स्ट प्लान बन रहा था तो सोचा गया कि फर्स्ट प्लान का कुछ हिस्सा डेफिसिट फाइनेंस से भी फाइनेंस किया जाय। उसके लिए पूरा हैक्सेशन या लोन रेज न करें, उसे डेफिसिट का फाइनेंसिंग से पूरा किया जाय और बजट में डेलीबरेटली एक गेप छोड़ दिया जाय। मैंने उस वक्त बात चीत की थी। हमारे देशमुख साहब फाइनेंस मिनिस्टर थे। उनसे बात की, मैंने कहा कि यह खतरे का रास्ता है। मैं समझता हूं कि हम लोगों को बहुत आर-थोडेक्स फाइनेंसिंग में नहीं होना चाहिए

और कुछ डेफिसिट फाइनेंसिंग कर सकते है। उन्होंने मुझे जवाब दिया कि आप जानते हैं मैं एक कंजरवेटिव फाइनेंस मिनिस्टर हू, यह जो करेंसी है, इसके घोडे पर मै चढ़ा हू, उसका मै चलाना वाला हू, उसका संचालन करने वाला हूं, तो लगाम जब तक मेरे हाथ में है तब तक घोडा कैसा ही दौड़े उसको मैं रोक सकता हूं, इस वास्ते जो लगाम हमारे हाथ में रहे तो डेफिसिट फाइनेंसिंग से कोई चिन्ता नही है। आज लगाम हमारे हाथ से निकल चुकी है। यह बड़े खेद के साथ कहना पडता है---अपने देश के आर्थिक प्रबन्ध के बारे में कोई भी आदमी कहना नही चाहता; क्योंकि जो शब्द हम यहां कहते है वह बाहर भी जायगा, मुझको पूरा खयाल है, लेकिन जिम्मेदारी से कहता हूं और समय आ गया है कि कहू कि चूंकि अब वह लगाम नही है, इसलिए घोड़े का दौड़ना किसी भी तरह से हो अपनी जान दे कर भी रोकना पड़े तो रोकना पड़ेगा, अगर घोडा दौड़ जाता है तो जान की बाजी लगा कर भी आदमी उसको रोकता है अगर उसको रोकना पड़े। तो यह बहुत जरूरी है, यह जो लाइटली आ जाता है पांच-पांच करोड़ की एक डिमांड, एक फेयर पर, क्या बात है? मैं आपको बता दू कि ब्लैक मनी जेनरेट होती है कांट्रेक्टर्स के जरिये और सबसे ज्यादा इसका बेनिफिशियरी, एशिया फेयर का, इससे लाभ उठाने वाला कौन था? कांट्रैक्टर्स। उन्होंने इससे फायदा उठाया और यह पैसा वहा गया। तो हम डेफिसिट फाइनेंसिंग ही नहीं कर रहे है ब्लैक मनी भी क्रिएट कर रहे है। इस वास्ते जरूरी है कि ऐसे मदों पर एतराज कम से कम हाउस में हो जाय---गवर्नमेंट ने तो खर्च कर दिया है उसको रोक नही सकते और लोअर हाउस से पास भी हो चुका है।

खैर, मैं आगे बढता हूं। मेरा एक सुझाव है फारेन ट्रेड के बारे मे। फारेन ट्रेड कई टर्म्स पर किया जाता है, क्रेडिट टर्म पर, पेमेंट इन अवर ओन करेंसी, रुपी पेमेंट बेसिस पर या एडजेस्टमेंट फ्राम टाइम टु टाइम कोई रिजर्व हो जैसे कि स्टर्लिंग रिजर्व रहा करता था, जिससे कि एडजेस्ट करते थे फ्राम टाइम टु टाइम इंटरनेशन बैंक के जरिये। ये सब तरीके थे। यह रुपी पेमेंट का सिलसिला शुरू हुआ, जब हमने रशिया से माल मगाना शुरू किया तो उन्होने कहा कि यदि तुम फारेन करेंसी में रुपया नही दे सकते तो अपनी रुपे करेंसी में उतना रुपया मेरे नाम से अपने यहां बैंक में जमा कर दो। वह रुपया उनके नाम से जमा हो गया और फिर वह उस रुपये से यहा से चीजें खरीद कर अपना काम चलाते थे तो इस काम को जहा हम डेटर नही है; जहा हम क्रेडिटर है, वहां भी शुरू कर दिया है, यह रुपी पेमेंट सिस्टम सूडान से, बगला देश से, यहां सबसे भी शुरू हो गया है, मैं चाहता हू, मेरा बहुत विनम्र सुझाव है कि एक कमेटी इस पर बिठाई जाय जिसमे कि इसके एक्सपर्ट हों और वह इसको एग्जामिन करे, इसकी जांच-पडताल करे कि कौन सा सिस्टम हो। हर सिस्टम हो सकता है और होना भी चाहिए, मैं उसको रोकना नही चाहता, लेकिन जिस तरह से यह फंक्शन कर रहा है उससे मुझको संतोष नही है। कोई कह दे कि मैं उसकी डीटेल्स को यहा बता दू, तो यह बड़ा मुश्किल है। लेकिन हा, यदि फाइनेन्स मिनिस्ट्री के लोग इन्टरेस्टेड हों और मुझको इसका पूरा लिटरेचर मिले---अब तक जो ट्रान्जेक्शन्स वगैरह हुए उनकी डीटेल्स मिलें---तो मै जरूर अपने सुझाव पेश करना चाहूँगा। लेकिन इस वक्त

[श्री टी० एन० सिंह]

मेरे सिर्फ एक-दो छोटे से सुझाव हैं और वह यह कि गवर्नमेन्ट खुद अपने एक्सपर्ट्स के जरिए ये सारे सवालात, ये सारे मसले जो फारेन पेमेन्ट के, डिसबर्समेन्ट के है, ये एग्जामिन करे। हमने कई किस्म की चीजें की है, लाग क्रैडिट, साफ्ट क्रेडिट, रुपी पेमेन्ट, नेशनल डेवलपमेन्ट फण्ड के जारिए, फारेन क्रेडिट से, ये सब चीजें है, इन पर फिर से दूसरी निगाह डालने की जरूरत है, नहीं तो हम काफी कठिनाई में पड़ जाएंगे। यह काफी उलझे हुए मामले है।

दूसरा मेरा सुझाव था चूंकि फारेन ट्रेड के लिए इसमें एक सप्लीमेन्टरी ग्राण्ट मांगी गई है। (*Time bell rings*) अभी मैं खत्म करता हू, ज्यादा वक्त नहीं लूंगा। हमारा रुपया डीवैल्यू हुआ, सन् 1966 के मई-जून मे। उस वक्त हमारे जो फारेन डेट्स थे, वे सब यकायक काफी बढ गए, डेढ़ गुने हो गए---55 परसेन्ट डेप्रीशिएट किया। अभी हमने अपने रुपी को डीवैल्यू नही किया इधर लेकिन डालर करेन्सी जो है वह फ्लोट किया और उसका एक रेट डिवैल्युएशन के शेप मे हुआ है। अब उसके कारण हम लोगो को पेमेन्ट जो वर्ल्ड बैंक मे करना पड़ता है वह करेन्ट रेट पर करना है। जो शार्टफाल रहेगा उसकी कमी की सीमा दूर कर देंगे। तो हम एक बोझा करीब 3 करोड़ से ऊपर दे रहे है--टु मेक गुड दैट करेन्ट रेट आफ द रुपी-डालर वैल्यु। तो आखिर जो रुपया डीवैल्यु किया तो भी हम लोगो को पे करना पड़ा और अब जो हमारी कम्पैरिजन में डालर डेप्रीशिएट किया तो भी वह हमें देना पड़ रहा है। आखिर क्या कारण है? कुछ हमारी स्थिति ऐसी हो गई है, आई० बी० आर० डी० मे हमारे रिलेशन्स ऐसे हो गए है कि चोट पहुचती है और वर्ल्ड बैंक जो है यह हमारे फाइनेन्सेज मे हल्के-हल्के काफी असर डालता जा रहा है। मैं आगाह करता हू कि वर्ल्ड बैंक का जोर बढ़ने के मानी होते है कि अमरीका का जोर बढ़ना। मैं जब प्लानिंग कमीशन का मेम्बर था तो मेरे पास वर्ल्ड बैंक के लोग आए थे, उनको बड़ी ख्वाहिश हुई कि हमारी रेलवेज ने 250 करोड़ रु० और खर्च किया और उन्होंने उसके लिए कहा कि हम क्रेडिट देंगे अलग से और वह रुपया खर्च किया गया और रेलवे वालों ने कहा और बडे-बड़े एक्सपर्ट्स ने कहा कि उसके हो जाने के बाद 245 मिलियन टन कैरीइंग कैपेसिटी, ट्रान्सपोर्ट कैपेसिटी रेलवे की हो जाएगी। आज अथी तक हम 245 मिलियन टन वाले टार्गेट पर नही पहुंचे है और हमको रेलवे पर खर्चा करना पड़ता है। तो ये जो हम कोर्स हो जाते है वर्ल्ड बैंक और बड़े एक्सपर्ट्स के नाम से---एण्ड वी रश इन्टू एकसपेंडीचर--लेकिन हम रेजिस्ट करते थे, मगर हमारी एफ नही चलती थी। तो मेरा यह ख्याल है कि हमको वर्ल्ड बैंक से रिलेशन्स स्थापित करने वक्त बडा सतर्क रहना चाहिये।

आखिर में अगर आप आज्ञा दें तो शब्द स्टेटों को जो सहायता दी जा रही है उसके सम्बन्ध मे कह देना चाहता हूं। आजकल स्टेटों को अकालग्रस्त क्षेत्रों के लिए सहायता दी जा रही है। आज भी 100 करोड़ और 50 करोड़ रुपया इस तरह के क्षेत्रों को राहत कार्य के लिए दिये गये है। यह उचित बात है। लेकिन मेरा यह खयाल है कि जहां पर ज्यादा जरूरत है वहां पर आप कम दे रहे है। आप इस तरह से कितनी बार यहा पर सप्लीमेंटरी ग्रान्टस लायेंगे? 100 करोड़ रुपया तो बजट मे था, मै चाहता हू कि आप हमको

कांट्रेडिक्ट करेंगी। महाराष्ट्र और गुजरात को 93 करोड रुपया इस कार्य के लिए दिया गया है।

श्री रणबीर सिंह (हरियाणा) : वहा पर कहत पड़ा हुआ था।

श्री टी० एन० सिंह. लेकिन मैं यह कहना चाहता हू कि महाराष्ट्र और गुजरात की आबादी करीब 8–9 करोड़ के होगी, इससे ज्यादा नही है। भारत-वर्ष के जो दूसरी प्रदेश है वे भी उतने ही प्यारे है जितने महाराष्ट्र और गुजरात के है। उत्तर प्रदेश का जो पूर्वी और सेन्ट्रल हिस्सा है, सारा बिहार है, उसकी आबादी 7–8 करोड़ के होगी, इससे कम नही है। आप किस तरह से उम्मीद कर सकते है कि इतनी बड़ी आबादी के लिए जहां पर सूखा पडा है, 50 करोड़ से काम चल जायेगा और वहां की जो समस्याए है वे हल हो जायेंगी? मैं यह नही कहता कि आपने गुजरात और महाराष्ट्र को 93 करोड़ रुपया क्यों दिया या आपने गलत कार्य किया। (*Interruption*) चौधरी साहब मेरी बात को जरा ध्यान से सुनें। मैं तो यह कह रहा था कि आपको फिर सप्लीमेटरी ग्राट्स के लिए आना पड़ेगा।

अगर आप आज्ञा दे तो मैं अपने तजुर्बे की वजह से एक पुरानी बात कह देना चाहता हूं। प्लानिंग कमीशन मे इस तरह की रिकमेन्डेशन हो चुकी है कि जहा पर ड्राट पड़ जाय, जहा पर स्केयरसिटी हो जाये, वहा पर किस तरह से खर्च किया जाय। इस तरह की जगहों के लिए प्लानिंग कमिशन ने पहिले से ही योजना बनाई है कि इस तरह के क्षेत्रों मे कम्युनिटी एसेट्स के लिए ज्यादा खर्चा किया जाय। अगर पहले से ही बांध बन्ध जायेगा तो पानी आ जायेगा। किसान तो खेती को ठीक करके ही पानी का इस्तेमाल करता है और इस तरह के कार्य से 6 महीने के अन्दर पानी मिल जायेगा और इस तरह से हमारी उपज भी बढ़ जायेगी। तो हम लोगो ने इस तरह के सुझाव दिये हैं और ये सात, आठ वर्ष पुराने सुझाव है। हमने इस तरह का सुझाव दिया था कि पहिले से ही इस तरह की स्कीमें बना ली जानी चाहिए कि जहा कही भी इस तरह की स्थिति आये, वहा पर कम्युनिटी एसेट्स के ऊपर खर्च किया जाना चाहिए। इस तरह की स्कीमे यू० पी०, हरियाणा, पंजाब और सब प्रान्तों के लिए बना लेनी चाहिए। जब इस तरह की स्थिति आये तो इन स्कीमों पर अमल किया जाना चाहिए। आजकल होता क्या है कि स्कीमों को आने मे ही तीन, चार महीने लग जाते है और फिर काम शुरू करने मे समय लग जाता है। अगर इस बीच भुखमरी हो गई तो फिर किस तरह से वहा के लोग टैस्टवर्क मे काम कर सकते है। यह बात ठीक नही है। मैं इतना सुझाव दे देना चाहता हू। मुझे और ज्यादा कहना नही है, लेकिन मैंने सोचा कि 133 करोड़ रुपये की बात है, अगर मै हाउस का इस सम्बन्ध मे कुछ समय ले लूगा, तो कोई अनुचित नही होगा। आपने जो मुझे समय दिया है उसके लिए मैं आपका शुक्रगुजार हू।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, सरकार जब पहले बजट लाती है तो उस समय घाटा कम दिखलाती है और इस तरह से धीरे-धीरे घाटा बढ़ता ही चला जाता है। सरकार की मांग भी पुन: बढती ही चली जाती है, इसलिए मैं सरकार से जानना चाहता हू कि आज देश में जो भयंकर महंगाई है, अनाज नही

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

मिल रहा है, चारों तरफ के ग्रोस का वातावरण उपस्थिति होता जा रहा है, मैं इन चीजों का मुख्य कारण आपका बजट मानता हू और क्या आपकी बजट की गड़बड़ी इन सब चीजों का कारण नहीं है?

श्रीमन्, घाटे का बजट, नोट की अधिक छपाई के कारण पहिले से ही दिल्ली मे छोटी चेन्ज का मिलना अराम्भव हो गया है। उसके बाद लगा कि छोटे-छोटे नोट भी शायद अप्राप्य हो रहे है। यह एक छोटा सा उदाहरण था जो यह बताता है कि इस देश की आर्थिक स्थिति भयंकर ढ़ंग से डांवाडोल हो रही है। आज कोई भी ऐसा विभाग नही है जो धीरे-धीरे आन्दोलन का रूप न पकड़ रहा हो। पहले सुना जाता था कि मज़दूर आन्दोलन करते हैं, इसलिए कि उनकी आवश्यकताओं के अनुसार उन्हे पैसा नही मिलता---आज भी नही मिलते है---इसलिए उन्हे संघर्ष करना पड़ता था, वे भूखे थे, नगे थे, लेकिन आज इजीनियर भी हड़ताल करते है, जिनको हम अधिकारी कहते है, वे भी हड़ताल करते है, उनका भी पेट नही भर रहा है। आप यह स्वीकार करेंगे और आपने यह स्वीकार किया भी है कि आपके रुपए की कीमत बहुत घट गई है, उसकी परचैजिंग कैपेसिटी बहुत घटी है और जो वेतन उसको मिलता है उससे वह जिन जीवनोपयोगी चीजों को खरीदना चाहता है वह खरीद नही सकता है। तो एक तरफ आपका घाटे का बजट, नोटों की छपाई और दूसरी तरफ पेरेलल ब्लैक मनी---इन दोनों के चक्कर मे भारतीय समाज पिस रहा है और आप मोहक शब्दों से जनता के आसू पोछना चाहते है। कैसे आंसू पोछे जाएंगे?

आप तमाशा खड़ा करते है एशिया फेयर का। जो खर्च निश्चय करते है दुगुने से ज्यादा बढ जाता है। मै माननीय मत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि इस तमाशे से देश को क्या-क्या लाभ मिले?

श्री रणबीर सिंह. एशिया मेले को तमाशा कहते हो?

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: मेला जो तमाशा बन जाता है कभी कभी। इसीलिए मैंने जानबूझकर उसको तमाशा कहा।

श्री रणबीर सिंह: तमाशा नही, देश की इज्जत बढाने वाला था।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: अगर आपकी बातों मे महंगाई मे, बेकारी से, भ्रष्टाचार से, देश की इज्जत बढ़ती हो तो कुछ नही कहा जा सकता।

श्री रणबीर सिंह. उसके लिए तो आप जिम्मेदार है।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: श्रीमन्, आज हमारे एक सहयोगी कोट कर रहे थे कि भ्रष्टाचार का नमूना विदेश के पत्रों में निकलता है कि भ्रष्टाचार हेड मे फुट बराबर भरा हुआ है। पहले भ्रष्टाचार की बात हम कहते थे, अब जो दूर बैठे हुए है वे भी आपकी प्रतिष्ठा को आंक रहे है। देश की प्रतिष्ठा जब बढ़ती है तब चारो ओर बढ़ती है, आर्थिक, राजनीतिक और शिक्षा सब क्षेत्रों में दिखाई देती है। जापान में भी मेला लगा था। उसका भी दृश्य देखे और आपका भी मेला लगा था। जापान ने मेला लगा कर पहले भी दिखा दिया था और बाद में भी कि दुनिया के मार्केट पर उसका कितना वर्चस्व है। वह भी

गुलाम हो गया था, कुछ ही पहले आजाद हुआ है। उसकी प्रगति देख लें लोहे के उत्पादन में, व्यापार में, जो उस पर राज्य करता था आज उसको भी पीछे छोड़ कर आगे जा रहा है। एक छोटा देश जर्मनी भी गुलाम हुआ था, वह कई टुकड़ों में बटा हुआ है, लेकिन अब गुलाम बनाने वालों को पैसा देने की स्थिति में है। आज वहा कामों का अम्बार है। हमारे यहा 25–26 वर्ष की आजादी में क्या मिला? इज्जत की बात करते हैं। हमने पहले कहा था कि हमारा देश अन्न के मामले मे स्वावलम्बी हो गया, हम कटोरी लेकर भिक्षा देहि, भिक्षा देहि की बात नही करेंगे, लेकिन हमें फिर मांगना पड़ा। क्या यह इज्जत है?

संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री ओम मेहता). सूखा पड गया तो उस में हमारा क्या वश है?

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: इतना बड़ा देश जिस का नाम अन्नपूर्ण था, उसकी यह हालत है। अगर बारिश या सूख के कारण यह होता तो हम आपके साथ होते। लेकिन कारण तो यह है कि जितने कुएं कागज पर खोदे गये उतने खेतों मे खुदे नही और जो कुए खेतो मे भी खोदे गये उनका पानी खेतों तक पहुच जाता तो शायद यह अकाल न पडता। अगर अकाल की बात होती तो पंजाब में और हरियाणा में भी अकाल पड़ता। वहां यह बताया गया कि चूंकि वहा स्कीम्स वर्क आउट हुई हैं इसलिए वहां अकाल नहीं पडा। अकाल वही पड़ा है कि जहा सचमुच में कृषि को ढंग से समझा नहीं गया और समूचे देश मे 12, 14 स्टेट्स में अकाल होने का कारण यह है कि केन्द्रीय सरकार की योजना ठीक नही थी। उस को कृषि-उन्मुख योजना होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई। इसी लिए मैं नहीं चाहता था कि इस बात को यहा उठाया जाय। आपकी इज्जत बढ़ी है देश में और विदेश मे और इसलिए मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हू। मैं तो सिर्फ यह कहना चाहता था कि आज इस देश के लोगों के पेट जल रहे है और आज जरूरत इस बात की है कि आप अच्छे मकान और उनको अच्छी व्यवस्था न भी दें, बल्कि जरूरत इस बात की भी है कि आप उनके पेटों के लिए खाने को ही दें। आज इस देश में हाहाकार इसी लिए मचा हुआ है और इस देश की आर्थिक स्थिति झंझावात में पड़ती चली जा रही है। आपकी इज्जत का पता तो इसी से चलता है कि आपके रुपये की कीमत क्या है? आपके रुपये की कीमत केवल रूस के व्यापार मे कम है जो लाचारी मे पड कर उस ने किया था। लोग बेबस थे। रूस के ऊपर निर्भर थे। रूस जैसा कहता है वैसा आपको करना पड़ता है। उस रुपये का दुरुपयोग रूस करता था और पी० एल० 480 का दुरुपयोग अमरीका करता था। छोटे-छोटे देशों की मुद्रा की इज्जत है, लेकिन आप उनके भी नीचे चले गये है। क्या आप की स्थिति इतनी बेकाबू हो गयी है कि आप को उनके नीचे जाने के लिए मजदूर होना पडा? इसी लिए मैने कहा था कि आप तमाशा न करें।

आज श्रीमन्, देश में भूख से चिल्लाने पर लाठी और गोली मिलती

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

है। अभी भोपाल में प्रदर्शन हुआ और एक प्रदर्शन में गोली चला कर दस आदमियों को भून दिया गया। तो एक तरफ तो मेठी जी की सरकार है जो विद्यार्थियों पर गोली चलाती है, उसमें विद्यार्थी भी थे और दूसरी तरफ हमारे हरियाणा में हमारे बंशीलाल जी की सरकार है जो कि विरोधी दलों की मीटिंग भी नहीं होने देती। और अगर उनके सामने प्रदर्शन करने महिलायें जाती हैं तो उन पर भी लाठियों से प्रहार होता है।

श्री रणबीर सिंह हरियाणा में कोई सुनने नहीं जाता आपको।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: सुनने नहीं जाते क्योंकि वे बेवकूफ हैं। इसी लिए आप सोचते हैं कि पुलिस को भेज दें और उनका कुछ स्वागत पुलिस के द्वारा करें। बड़ा हल्ला मचा कि हरियाणा में गांव-गांव में बिजली लग गयी। मुझे भी शौक चर्राया कि देखूं कि वहां क्या है तो पता लगा कि बिजली तो है, बिजली के बल्ब लटके हुए हैं, पंखिंग सेट लगे हुए हैं, लेकिन वह चलते नहीं हैं। अब ये बल्ब जलते नहीं हैं तो उसका कारण क्या है?

श्री महावीर त्यागी (उत्तर प्रदेश) बिजली लगाने में खर्च दुगना और तिगुना किया गया है, जितना कि होना चाहिए उससे।

श्री रणबीर सिंह: फिर भी आप के प्रदेश से वह 25, 30 परसेंट सस्ता है।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव हरियाणा को जो वर्चस्व मिला हुआ है, चौधरी बंशीलाल जी को जो वर्चस्व मिला हुआ है वह इसलिए कि उन्होंने एक बहुत बड़ा काम किया है और उस उपकार के आगे हमारी प्रधान मंत्री जी दबी हुई हैं और उसके कारण ही हमारी सारी सरकार दबी हुई है। (*Interruptions*) मैं बार-बार मारुती लिमिटेड का नाम नहीं घसीटना चाहता था, लेकिन अगर हमारे बड़े भाई ने टोका ही है तो मुझे कहने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। . . .

श्री रणबीर सिंह: यहां मारुती कहां है?

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: जिस ने डिफेंस की परवाह नहीं की, किसी कानून की परवाह नहीं की, आज वह कारखाना चौधरी बंसी लाल के लिए एक कवच साबित हो रहा है (*Interruptions*) उनकी महिलाओं पर लाठियां चलती हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। कहा गया था कि अगर पार्लियामेंट के सदस्य लिख कर दें तो जांच होगी, राष्ट्रपति जांच करायेंगे। लेकिन कितने ही पार्लियामेंट के सदस्यों ने लिख कर इनके खिलाफ दिया तो क्या कोई जांच हुई। मुझे अफसोस इतना ही है कि अगर चौधरी बंशीलाल पर जांच करनी थी तो वह हो जाती अगर उनके साथ से मारुति को हटा लिया जाता, लेकिन चूंकि मारुति साथ था, इसलिये जांच नहीं हो सकी, अगर मारुती का कवच इसी तरह चलता रहा तो प्रदेश का क्या होगा?

श्री रणबीर सिंह: तरक्की होगी।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: इन्होंने कहा कि दूसरे प्रदेश वाले हमारी तरह

काम करें, लेकिन प्रदेशों को काम करने लायक रहने दिया जाय तब तो काम करें। बिहार में मंत्रिमंडल का परिवर्तन हुआ, लेकिन परिवर्तन इसलिये होता है कि दूसरे प्रदेश का चुनाव होना है, अगर बहुमत किसी अच्छे नेता को चाहता हो कि उसका वह मुख्य मंत्री बने तो और बात है, लेकिन वहां पर यह देखा जाता है कि उत्तर प्रदेश में चुनाव कैसे जीतना है, उनको पता लगा कि मुसलमान बन्धु उनके साथ नहीं हैं तो उत्तर प्रदेश में प्रभाव अपना ठीक करने के लिये बिहार के सिर पर ऐसे श्रीमान गफ्फूर साहब को लाद दिया गया और वह कब रफ्फू हो जायेंगे इसका भी पता नही, ज्यादा से ज्यादा उत्तर प्रदेश के चुनाव तक टिके रहें, तो टिके रहें, मैं नहीं समझता कि इससे ज्यादा टिकेंगे । गफ्फूर साहब का इतिहास क्या है? गफ्फूर साहब के इतिहास से कुछ करना नहीं है, लेकिन गफ्फूर साहब का इतिहास क्या है ? यह सभी जानते हैं और गफ्फूर साहब का इतिहास आपके कांग्रेसी लेजिस्लेचर भी जानते हैं।

श्रीमती सुशीला रोहतगी : इस सब का इस विषय से कोई सम्बन्ध नहीं है।

उपसभाध्यक्ष (श्री योगेन्द्र शर्मा) : राज्य के मुख्य मंत्री की बात छोड़ दीजिये।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : वह टोकते जा रहे है, इसलिये इतनी बात कहनी पड़ती है। उनको आपने रोका नहीं।

उपसभाध्यक्ष (श्री योगेन्द्र शर्मा) : राज्य के मुख्य मंत्रियों की बात यहां पर करना ठीक नहीं है।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : इसमें तो राज्य की बात कौन कहे जिला और ग्राम पंचायत की बात, भी कही जाय तो शायद वह भी आ जाय, लेकिन चूंकि वह टोकते जा रहे हैं, उनको आप रोकने वाले नहीं हैं, वह चौधरी बंशीलाल से बहादुर आदमी हैं . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री योगेन्द्र शर्मा) : अच्छा, अब आप समाप्त कीजिये।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : मैं चन्द मिनटों में समाप्त करता हूं। मैं मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि आप सप्लीमेंटरी डिमांड ले आई है, लेकिन जो पिछड़े हुये प्रदेश है, उन प्रदेशों का भी कुछ हिसाब किया गया है क्या? पिछड़े हुये प्रदेश बराबर पिछड़ते जा रहे है। अभी कृषिक पुनर्वित्त निगम की बात थी तो उसमें भी यही बात आती है कि जो प्रगतिशील स्टेट हैं वह सारी जो आर्थिक सहायता है उसको निगल जाते है, बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है, इसी प्रकार जो अच्छे स्टेट हैं वह सब ले जाते हैं और बाकी जो दूसरे स्टेट्स हैं वह अपनी फाइनेंशियल स्थिति को ठीक नही कर पाते है। तो मैं इस संदर्भ में एक बात यह अवश्य अपनी मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि क्या पिछड़े प्रदेशों का भी कोई हिसाब किया है। उनके यहां उद्योग, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा ये सारी चीजें पिछडती हैं और जो उन्हें देश में औरों के पैरेलल आना चाहिये, वह नहीं आ पाते है। तो मैं इस बारे मे जानना चाहूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री योगेन्द्र शर्मा) : आप समाप्त कीजिये। समय हो गया।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : मैं खत्म किये देता हूँ। मुझको एक बात

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

और पूछनी थी। आपकी योजना में कृषि का स्थान ठीक से रहता नहीं है। और जो कुछ है उसमें भी सूद की दर आप किसानों के लिए बढ़ाते जाते हैं। तो वह सूद की दर अगर बढ़ा भी दिया है, 2 प्रतिशत, तो उसको कम करने की बात क्या आप कर सकेंगे? और अगर वह कम नहीं करेंगे तो जो किसान के करने की बात होगी पैदावार बढ़ाने की, वह चीज़ भी नहीं होगी। तो इसीलिए मैं आपसे निवेदन करूंगा कि जिस प्रकार आप इन्डस्ट्री के उत्पादन में मदद करते हैं, उसी प्रकार आप किसानों के लिये भी करें।

श्री महावीर त्यागी: किसानो की बात मत करें। किसानों पर जुल्म होने दो, उसका जवाब अगले इलेक्शन मे मिल जाएगा।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: इलेक्शन में जवाब मिले न मिले, लेकिन जब तक उनके प्रतिनिधियों के रूप में हम मौजूद है हमारा काम है ...

उपसभाध्यक्ष (श्री योगेन्द्र शर्मा): अब समाप्त कीजिए।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: इसीलिए हमने आपके सामने बात रखी है। मैं समझता हूं, मत्री महोदय इसका जवाब देंगे।

श्री रणबीर सिंह: उपसभाध्यक्ष जी, एप्रोप्रिएशन के तीसरे विधेयक का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। यहां मेरे से पूर्ववक्ता ने ज़िक्र किया विदेशी ट्रेड मेले का -- एशिया 1972 का ज़िक्र किया — और उनका खयाल है कि इससे हमारे देश की शोभा नही बढ़ी। उन्होंने ज़िक्र किया जापान का कि जापान के ऊपर जो हाकिम थे, आज उनका कन्ट्री जापान पर निर्भर है, जापान का व्यापार उनके ऊपर छाया है। उन्होंने जिक्र किया जर्मनी का। जर्मनी को हराने वाला और दबाने वाला आज जर्मनी की तरफ देखते हैं, आस लगाए बैठे है। मुझे दुःख है कि जिस देश के अंदर पैदा हुए हैं मेरे पूर्ववक्ता सदस्य, वे अपने देश की शोभा को घटाना चाहते हैं। वे इस बात को भूल गए कि हिन्दुस्तान जिस वक्त आज़ाद हुआ और पहले जब आज़ाद था। जिस देश से कपड़ा जाता था विलायत में वहां के कारीगरों के हाथ काटे और मैनचेस्टर का कपड़ा हिन्दुस्तान में बिकने लगा, इस देश की यहां तक गिरावट आई कि सुई भी जापान से आने लगी। क्या मैं माननीय सदस्य को बताऊं कि आज हमारे देश ने कहां तक तरक्की की है? उल्टे बांस बरेली को गए हैं, लेकिन उनको दिखायी नहीं देता है कि आज हिन्दुस्तान की बनी हुई मशीनें विलायत में जा रही है...

SHRI NAWAL KISHORE (Utter Pradesh): Mr. Ranbir Singh, this is not a public meeting. You are speaking in the Rajya Sabha.

श्री रणबीर सिंह: इस बात को आप मुझको नहीं बताइएगा। अगर आप बताना चाहेंगे तो मैं फिर आपको अच्छी तरह से बताऊंगा। आज हमारे देश के अंदर विदेश का व्यापार कहा तक बढ़ा है। यहा की बनी मशीनें विलायत में बिकती है...

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: कर्जा कितना बढ़ा है, यह भी बताइए।

श्री रणबीर सिंह: जहा हिन्दुस्तान मैनचेस्टर के बने हुए कपड़े पर आश्रित था, वहां आज हिन्दुस्तान का बना हुआ कपड़ा विलायत में बिकता है। मेरे दोस्त ने पंजाब का, हरियाणा का जिक्र

किया। उनके लिए मारुति भूत बन गया है। जो हिन्दुस्तान के गरीबों को कार देने के लिए कारखाना लगाया है उनके लिए भूत बन कर रह गया है और यह भय लग रहा है कि वह कारख़ाना तो तरक्की कर रहा है। यह सब आपकी मेहरबानी से नहीं हो रहा है कि इन्जीनियर आंदोलन कर रहे हैं, आज देश का हर अंग जो है वह देश की मदद नहीं कर रहा है। कौन आंदोलन करा रहा है? इसके पीछे तो आपका ही हाथ है, आप उकसा रहे हैं। आप मुझे बताइए आप तो बड़े किसानों के हमदर्द हैं, जिस देश के अंदर आम आदमी की आमदनी 400–500 रु० सलाना हो, उसके इन्जीनियर भी 500 रु० महीना तनख्वाह लें और वह इन्जीनियर स्ट्राइक करें तो आप उसका समर्थन करें? तो आप किस को समर्थन दे रहे है, जब देश के लोग नहीं समर्थन देना चाहते हैं उनको। नवल किशोर जी, मुझे क्या पता है कि इस वक्त आप को दिमागी बुखार हो गया है, आपको यह बात पसन्द नहीं। सब जानते हैं, कड़वी कुनैन बुखार का इलाज करती है, लेकिन कुनैन को खाने से आदमी फिफकता है। यह आपके लिए कुनैन है, आपके दिमाग़ के बुख़ार को तोड़ने के लिए दवा है। अगर आप आसानी से नहीं खाएंगे तो आपका हाथ पकड़ कर भी हमको खिलाना पड़ेगा; क्योंकि हमको तो आपके बुखार को तोडना है। मैं इस बात को अच्छी तरह से समझता हू कि श्री टी० एन० सिंह जी का जो सुझाव है वह सही सुझाव है। त्यागी जी का ख़याल है कि महाराष्ट्र को इसलिए ज्यादा रुपया दिया गया है; क्योंकि वित्त मंत्री जी, श्री चव्हाण साहब महाराष्ट्र से आते है। त्यागी जी की इतनी उम्र हो गई है, इतने साल आप विधान सभा में रहे, कांस्टीट्युएन्ट असेम्बली में रहे, लोक सभा में रहे, मंत्री रहे और आज आप इस स्तर पर आ गये हैं। उत्तर प्रदेश के लिए पैसा कौन नहीं देना चाहता है, आप मांगिये और हम सब उसका समर्थन करेंगे। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को अगर तंगी है तो आप उसके लिए पैसा मांगिये और हम सब लोग उसका समर्थन करेंगे।

मैं तो इससे भी आगे जाता हूं कि जिस प्रान्त में भी जो अकालग्रस्त इलाके रहते हैं, उनके लिए अभी से योजना बनाइये ताकि वहां पर अकाल ही न रहे। इस काम के लिए पैसा दिया जाये और इस बात का इन्तजार क्यों किया जाय कि जब वहा पर अकाल पड़ेगा तब ही वहां पर योजना कार्यान्वित होगी।

श्री महावीर त्यागी: मैं आपकी इस राय को बिलकुल सपोर्ट करता हूं।

